हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, शुक्रवार 30 जनवरी 2026

11 बिजली निगम कर्मचारियों ने की सांकेतिक भूख हड़ताल



12 यूजीसी बिल के विरोध में ब्राह्मण सभा ने सौंपा ज्ञापन



## खबर संक्षेप

### कृषि मंत्री श्याम सिंह का झज्जर दौरा आज

**झज्जर।** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा शुक्रवार को झज्जर के दौरे पर रहेंगे और कई कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। सीटीएम नमिता कुमारी ने बताया कि कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा सुबह दस बजे लघु सचिवालय स्थित संवाद भवन में आयोजित होने वाली जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इसके उपरांत दोपहर दो बजे बागवानी विभाग की ओर से गांव डावला में एकीकृत बागवानी विकास मिशन के अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय सेमिनार में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगे।

### शहरी आवास योजना के तहत बुकिंग शुरू

**झज्जर।** हरियाणा सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत फ्लैट बुकिंग प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है। डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल ने बताया कि जिन्होंने मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत फ्लैट के लिए पंजीकरण करवाया था तथा भौतिक सत्यापन प्रक्रिया में पात्र पाए गए हैं, यह योजना उनके लिए है।

### धर्मेंद्र जैलदार बने जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष

**बहादुरगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी की नई टीम में धर्मेंद्र जैलदार को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।



अपनी नियुक्ति पर धर्मेंद्र राठी ने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व व वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व के विश्वास पर वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

### बिजली उपभोक्ताओं की आज सुनेंगे शिकायतें

**झज्जर।** शुक्रवार को उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा अधीक्षण अभियंता कार्यालय में उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम की बैठक का आयोजन सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक किया जाएगा। यह अदालत फोरम के चेयरमैन एवं बिजली निगम के अधीक्षण अभियंता ऑपरेशन सर्कल झज्जर की अध्यक्षता में होगी। प्रवक्ता ने बताया कि इस दौरान बिजली बिल, कनेक्शन और अन्य तकनीकी समस्याओं से जुड़े परिवादों की समीक्षा की जाएगी।

### दादरी तोए में अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि गांव दादरी तोए में बगैर लाइसेंस व तय प्रक्रिया पूरी किए अवैध कॉलोनी काटे जाने के मामले में कार्रवाई की है। उन्होंने बताया कि गांव दादरी तोए के खसरा नंबर 36//11,19,20 में सड़क बना और नक्शा दिखा अवैध कॉलोनी काटी जा रही है। उक्त खसरा नंबरों से जुड़े किसी भी प्रकार के सेल-डीड, एग्रीमेंट टू सेल, पावर ऑफ अटॉर्नी या फुल पेमेंट एग्रीमेंट को रजिस्टर्ड या एग्जीक्यूट करने पर प्रतिबंधित लगा दिया गया है।

---

### डायवर्सन रोड पर खेड़ी-खुम्मार मार्ग के चौक पर हादसा

# डस्ट से भरा ट्राला पलटा, नीचे दबने से 11 वर्षीय बच्चे की मौत

- गौरव गांव से लस्सी लेकर अपने दादा के घर आर्य नगर आ रहा था
- क्रेन की सहायता से ट्राले के नीचे दबे बच्चे के शव को बाहर निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शहर के डायवर्सन रोड पर खेड़ी-खुम्मार मार्ग के चौक पर एक डस्ट से भरा ट्राला अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसके नीचे दबने से एक 11 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। सुबह करीब नौ बजे हुए इस हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तथा राहगीरों से मामले की जानकारी ली। इसके उपरांत क्रेन की सहायता से ट्राला के नीचे दबे बच्चे के शव को बाहर निकालकर उसे पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। मृतक की पहचान खेड़ी गांव निवासी करीब 11 वर्षीय गौरव पुत्र देवेंद्र के तौर हुई है।

जानकारी के अनुसार मूल रूप से यूपी निवासी देवेंद्र पिछले कई वर्षों से खेड़ी गांव में रह रहा था। उसके पिता मोहन सिंह शहर के आर्य नगर में रहते हैं। गौरव गांव से लस्सी लेकर अपने दादा के घर आ रहा था। जब वह बाईपास पर पहुंचा तो डस्ट से भरा अनियंत्रित ट्राला उसके ऊपर आ गिरा, जिसके नीचे दबने से गौरव की मौत हो गई। मामले के जांच अधिकारी अशोक कुमार ने बताया मृतक के पिता देवेंद्र की शिकायत पर आरोपी ट्राला चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। इस संबंध में पुलिस द्वारा नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।





झज्जर। हादसे के बाद घटनास्थल पर पलटा ट्राला व राहगीरों से मामले की जानकारी जुटाते हुए पुलिसकर्मी।

झज्जर। हादसे के बाद क्रेन की सहायता से ट्राले को हटवाते हुए व घटनास्थल पर एकत्रित लोग।

---

# लुटेरी दुल्हन के मामा और बिचौलन की तलाश में पसीना बहा रही पुलिस

- सूरहा में ससुरालजनों को नशीला पदार्थ देकर फरार हो रही थी दुल्हन, ग्रामीणों ने पकड़ा था
- बिचौलन को डेढ़ लाख रुपये देकर सप्ताह भर पहले ही लेकर आए थे दुल्हन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

गांव सूरहा में ससुरालजन को नशीला पदार्थ देकर फरार हुई लुटेरी दुल्हन के गैंग के अन्य सदस्यों की पुलिस तलाश कर रही है। पड़ोसी की सूझबूझ से पुलिस ने लुटेरी दुल्हन, उसकी मां व भाई को पकड़ लिया था। वहीं, उसका मामा जेवर व रुपये से भरा बैग लेकर फरार हो गया था। पुलिस डेढ़ लाख रुपये लेकर शादी करवाने वाली बिचौलन की भी तलाश कर रही है।

क्षेत्र के गांव सूरहा में एक सप्ताह भर पहले आई नई दुल्हन ससुरालजनों को सब्जी में नशीला पदार्थ खिलाकर घर से जेवर व नकदी लेकर अपने साथियों के साथ फरार हो गई, लेकिन ग्रामीणों की सतर्कता के चलते उसे काबू कर लिया गया। नशीला पदार्थ खाने से बेहोश हुए परिवारजनों को सुबह होश आया। जानकारी के अनुसार हरकेश ने बीती 22 जनवरी को एक महिला बिचौलिया की मदद से अपनी शादी की थी। इसकी एवज में उसने बिचौलिया महिला को करीब डेढ़ लाख रुपये की राशि दी थी। अभी घर में नई दुल्हन आने पर जश्न ही मनाया जा रहा था कि रात को घर के सभी सदस्यों को नई दुल्हन ने सब्जी में नशीला पदार्थ खिलाया और जब सभी बेहोश हो गए तो वह अपने साथियों के साथ घर में रखे नकदी व जेवर लेकर भाग निकली। रात करीब बारह बजे बाद हुई इस घटना के दौरान सामने वाले घर में एक युवक जाग रहा था। उसने दुल्हन को गाड़ी में भागते देखा तो साथियों की मदद से पकड़ लिया।



झज्जर। सब्जी का पतीला दिखाते हुए जिसमें नशीला पदार्थ मिलाया गया था।

### तीन पकड़े, जांच जारी

पुलिस चौकी दुलीना प्रभारी संदीप ने बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को पकड़ा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अदालत ने दो आरोपियों को जेल भेज दिया है। वहीं, एक आरोपी को भी रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। आरोपी मामा की तलाश जारी है।

### ब्याज पर रुपये लेकर आया था

पीड़ित हरकेश ने बताया कि घर में नई दुल्हन आने की खुशी थी। उसकी बहन संतोष अपने पति संत कुमार व दो बेटियों के साथ आई थी। बुधवार को वह अपनी मां बाला देवी, भतीजे सन्नी व रिश्तेदारों के साथ घर पर था। नई दुल्हन मनु ने खाना बनाया था। खाना खाने के बाद उन सभी को गहरी नींद आ गई। इसी दौरान वह रात को अपने साथियों को बुलाकर घर से जेवर व करीब सत्तर हजार रुपये की नकदी चोरी करके भाग रही थी। ग्रामीणों की सहायता से मनु व उसके साथियों को पकड़ लिया गया लेकिन इसी बीच उसका कथित मामा सुखदेव जेवर व रुपये से भरा बैग लेकर फरार होने में सफल हो गया। हरकेश के अनुसार वह दादरी तोए क्षेत्र की एक निजी कंपनी में काम करता है। उसने शादी के लिए ब्याज पर रुपये लिए थे।

### पड़ोसी ने देखा तो सभी बेहोश थे

दुल्हन व उसके साथियों को पकड़ने में महत्वपूर्ण निभाने वाले युवक रिंकू ने बताया कि वह रात करीब बारह बजे घर पर था। उसने अपने घर में लगे सीसीटीवी फुटेज में देखा कि एक गाड़ी तेजी से उसके घर के सामने आकर रुकी। तभी हरकेश की पत्नी व उसका कथित मामा भाग कर गाड़ी में बैठ गए। उसने जब हरकेश के घर पहुंचकर देखा तो वे सभी बेहोश थे। इसके उपरांत उसने अन्य ग्रामीणों की सहायता से दुल्हन व उसके दो साथियों को गांव से बाहर करीब दो किलोमीटर की दूरी पर ही काबू पर कर लिया।

---

# बैंक के अंदर कर्मचारी बनकर बुजुर्ग से ठगे 1.20 लाख

- बुजुर्ग को फोटोकॉपी करवाने के बहाने बाहर भेजा और कैशियर से चेक के जरिये नकदी निकलवाई

**बहादुरगढ़।** शहर में स्थित पंजाब नेशनल बैंक में एक बुजुर्ग किसान के साथ ठगी की वारदात हो गई। एक शातिर शख्स ने खुद को बैंककर्मी बताकर किसान से चेक लिया और काउंटर से कैश कराकर चंपत हो गया। किसान को एक लाख 20 हजार की चपत लगा दी।

वारदात मांडोठी निवासी जयकरण के साथ हुई है। जयकरण का कहना है कि वह 28 जनवरी को अपने खाते से पैसे निकालने बैंक पहुंचे थे। बैंक के अंदर बैठे एक व्यक्ति से उन्होंने चेक भरवाया और उस पर हस्ताक्षर कर दिए। इसी दौरान गले में मफलर और सिर पर टोपी पहने एक युवक उनके पास आया। खुद को बैंक से जुड़ा बताते हुए बातों में उलझा लिया।

### कैमरे खंगाले

जयकरण ने बताया कि उन्होंने उस शख्स को बैंककर्मी समझ लिया। आरोपी ने उनके हाथ से चेक लेकर उन्हें बैंक के अंदर सोफा टाइप बेंच पर बैठा दिया और फिर आधार कार्ड की फोटो कॉपी कराने के बहाने बाहर भेज दिया। इसी बीच आरोपी ने कैशियर से एक लाख 20 हजार रुपये की नकदी निकलवा ली और फरार हो गया। जब वह फोटो कॉपी कराकर वापस लौटे तो आरोपी बैंक से जा चुका था। बाद में उन्हें खाते से पैसे निकलने की जानकारी मिली। पीड़ित ने थाना शहर बहादुरगढ़ में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोपी की पहचान कर कानूनी कार्रवाई और रकम वापस दिलाने की मांग की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है और बैंक के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

---

### डीसी ने किया अटल श्रमिक कैंटीन का शुभारंभ

# लघु सचिवालय परिसर में अब दस रुपये में मिलेगा स्वादिष्ट भोजन

- ग्रामीण आजीविका मिशन की महिलाओं द्वारा संचालित की जाएगी कैंटीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने वीरवार को लघु सचिवालय परिसर में श्रमिकों के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संचालित पांचवीं अटल श्रमिक कैंटीन का रिबन काटकर शुभारंभ किया।

उन्होंने कहा कि सरकार की नीति है कि श्रमिकों को रियायती दरों पर स्वच्छ व पौष्टिक आहार उपलब्ध कराना है। औद्योगिक क्षेत्र व जहां श्रमिक रहते हैं, ऐसे स्थानों पर अटल श्रमिक कैंटीन खोली जा रही हैं। ये कैंटीन ग्रामीण आजीविका मिशन की महिलाओं द्वारा संचालित की जा रही हैं। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा रियायती दरों पर खाना मुहैया कराने के उद्देश्य से इस कैंटीन की शुरुआत की गई है, जिसके चलते कैंटीन में मात्र दस रुपये में गुणवत्तायुक्त खाना मुहैया करवाया जाएगा। बाकि लागत मूल्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा।



झज्जर। कैंटीन का शुभारंभ करते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल।

---

# कंपनी में तबीयत बिगड़ने से कर्मचारी की मौत

- तबीयत खराब होने के बावजूद रात में रोकने का आरोप

**बहादुरगढ़।** एचएसआईआईडीसी स्थित एक कंपनी में तबीयत बिगड़ने से कर्मचारी की मौत हो गई। हृदयाघात से मौत की आशंका जताई जा रही है। असल पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हो पाएगी। मृतक की पहचान राजेश के रूप में हुई है। मूलतः बिहार का राजेश यहां महावीर पार्क में रहता था। एचएसआईआईडीसी स्थित एक फुटवियर कंपनी में काम करता था। बीती रात को उसकी कंपनी में तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद उसे अस्पताल में लाया गया तो मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पाकर परिजन अस्पताल की ओर दौड़े। वहीं पुलिस भी जांच करने पहुंची। हृदयाघात की आशंका जताई जा रही है। अस्पताल में मौजूद परिजनों ने कहा कि बुधवार की सुबह राजेश ड्यूटी पर गए थे लेकिन तबीयत खराब होने के बावजूद उन्हें रात को भी ड्यूटी के लिए रोक लिया।

### बैंक कॉलोनी में मृत मिला प्रवासी युवक

**बहादुरगढ़।** शहर की बैंक कॉलोनी स्थित एक मकान में प्रवासी युवक मृत अवस्था में मिला। परिजनों के बयान के बाद वीरवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा दिया। मृतक की पहचान धर्मेंद्र के रूप में हुई है। धर्मेंद्र मूल रूप से यूपी का निवासी था। फिलहाल यहां बैंक कॉलोनी में रहता था और मेहनत-मजदूरी करता था। मंगलवार की शाम को जब कुछ साथी उसके कमरे में गए तो वह मृत अवस्था में था। अस्पताल में ले गए तो डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सेक्टर 9 चौकी से पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की और परिजनों को सूचना दी।

---

# प्लास्टिक कचरे की डंपिंग व लोडिंग के खिलाफ होगी कार्रवाई : डीसी

- प्लास्टिक कचरे से वायु व जल प्रदूषण बढ़ रहा

**बहादुरगढ़।** जिलाधीश स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने अनधिकृत स्थानों पर पीवीसी मार्केट और प्लास्टिक कचरे के डंपिंग/लोडिंग के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 163 के तहत निर्देश जारी किए हैं। जिलाधीश की ओर से जारी आदेशानुसार बहादुरगढ़ क्षेत्र में प्लास्टिक कचरे से वायु व जल प्रदूषण बढ़ रहा है। यह आमजन की जीवन-गुणवत्ता व शांति के लिए गंभीर चुनौती है। सार्वजनिक हित में इसके विरुद्ध रोकथाम आवश्यक है। इस स्थिति के मद्देनजर जिलाधीश ने जिला झज्जर की सीमा में किसी भी स्थान पर अवैध रूप से प्लास्टिक कचरे के डंपिंग/लोडिंग को प्रतिबंधित किया है।

---

# झाड़ियों में मिले महिला के शव की शिनाख्त के प्रयास

- सूर्या नगर की झाड़ियों में मिला था शव, 20 दिन पुराना व सड़ी हालत में होने से पहचान मुश्किल हो रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

हत्या कर शव झाड़ियों में फेंकने की ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी को सुलझाना पुलिस के लिए आसान नहीं है। जहां शव मिला है, उसके आसपास सीसीटीवी कैमरे नहीं हैं। महिला की पहचान, हत्या की वजह और हत्यारों की पहचान सवाल बन गई है। वारदात सुलझाने से पहले महिला की पहचान करना ही बड़ी चुनौती है।

दरअसल, मंगलवार की रात को सांखोल के निकट स्थित सूर्या नगर की झाड़ियों में महिला का शव गली सड़ी अवस्था में मिला था। करीब 20 दिन पुराने शव को पशु द्वारा नोंचा गया था। पुलिस ने फिलहाल 72 घंटे के लिए शव नागरिक अस्पताल में रखवा रखा है। मौके पर पुलिस को ऐसा कोई सुराग नहीं लगा, जिससे उसकी पहचान हो सके। महिला की उम्र करीब 35 वर्ष आंकी जा रही है और उसे किसने, किस तरह तथा कहां मारा, ये भी सवाल कायम हैं। इस ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी को सुलझाने में पुलिस को भी मशक्कत करनी पड़ सकती है। घटनास्थल के आसपास खुला एरिया है और नजदीक कोई कैमरा भी अभी तक नहीं मिल सका है।

हालांकि पुलिस उस ओर जाने वाले रास्तों पर कैमरों को जरूर तलाश रही है। यदि कहीं कैमरा मिल भी गया तो भी मुश्किलें कम नहीं हैं, क्योंकि शव कई दिन पहले यहां डाला गया है।

---

# धूप खिली तो तीन डिग्री बढ़ा तापमान, शाम को चली ठंडी हवा

- अधिकतम तापमान 20 डिग्री दर्ज किया गया

**बहादुरगढ़।** इलाके में चंद दिनों के बाद वीरवार की दोपहर को धूप खिल गई। धूप खिली तो बुधवार के मुकाबले तापमान में तीन डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई। वीरवार को अधिकतम तापमान 20 डिग्री दर्ज किया गया। हालांकि शाम को फिर से ठंडी हवा चल पड़ी। दरअसल, जनवरी माह के तीसरे सप्ताह में तापमान लगातार बढ़ता जा रहा था। इसके बाद मौसम ने फिर करवट ली और बादल छाने तथा बूंदाबांदी का दौर जारी रहा। बीते चंद दिनों से आसमान में बादल छाए हुए थे। बूंदाबांदी हुई और एक बार तो इलाके में हलकी ओलावृष्टि भी हुई। इस वजह से मौसम में पुनः ठंडक घुल गई। अधिकतम तापमान 16-17 डिग्री के आसपास पहुंच गया था।

---

### डॉ. अरविंद शर्मा समेत भाजपा के शीर्ष नेताओं को दिया रचिता जून के अध्यक्ष बनने का श्रेय

# ब्लॉक में तख्तापलट के बाद मंत्री के दरबार में पहुंचे भाजपाई

**रचिता जून 19 वोट के साथ रेनू बाला को हराकर बनी हैं ब्लॉक समिति अध्यक्ष**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

ब्लॉक समिति अध्यक्ष पद पर रचिता जून के निर्वाचित होने पर क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं व समर्थकों में उत्साह का माहौल है। इस उपलब्धि पर भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा से भेंट कर उन्हें मिठाई खिलाई और आभार व्यक्त किया। बता दें कि पूर्व विधायक नरेश कौशिक की अनुकंपा से वर्षा गौतम 31 दिसंबर 2022 को ब्लॉक समिति की प्रधान बनी थीं, लेकिन उनकी कार्यशैली से असंतुष्ट 20 सदस्यों ने 24 दिसंबर 2024 को उनके प्रति अविश्वास जाहिर करते हुए डीडीपीओ को शपथ पत्र सौंप दिए थे। हालांकि अविश्वास प्रस्ताव पर निर्णय के लिए पहले 9 जनवरी 2025 और फिर 11 अप्रैल को निर्धारित बैठकें स्थगित हो गई थी। लेकिन 29 दिसंबर को हुई तीसरी बैठक में चेयरपर्सन समेत 9 पार्षदों की अनुपस्थिति में 20 पार्षदों ने उनके विरुद्ध मतदान कर उन्हें पद से हटा दिया। 27 जनवरी को उपचुनाव हुआ, जिसमें रचिता जून 19 वोट प्राप्त कर ब्लॉक समिति के प्रधान पद पर काबिज हुई। जबकि उनकी प्रतिद्वंद्वी रेनू बाला को महज 10 वोट मिले। तख्तापलट की कार्रवाई पूरी करने के बाद रचिता जून के पति संजय जून, भाजपा जिला मंत्री नरेश भारद्वाज, मुकेश कौशिक, बलराज दहिया, मंगू नंबरदार, संदीप राठी, नीरज तहलान, विजय दलाल, मंजीत दहकोरा, आशीष राठी, मनोज भापडोदा आदि ने कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा को मिठाई खिलाकर बधाई दी। संजय जून ने कहा कि रचिता जून का ब्लॉक समिति अध्यक्ष बनना संगठन की मेहनत, कार्यकर्ताओं के समर्पण और वरिष्ठ नेतृत्व के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सैनी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली, कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़, जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि, दिनेश कौशिक, संजय कबलाना व राजपाल जांगड़ा सहित सभी वरिष्ठ नेताओं का विशेष रूप से धन्यवाद किया।



बहादुरगढ़। डॉ. अरविंद शर्मा को मिठाई खिलाते संजय जून समेत अन्य भाजपाई।

### विकास कार्यों को मिलेगी गति : रचिता

रचिता जून ने कहा कि उनके शपथ लेने के बाद ही बहादुरगढ़ ब्लॉक के गांवों में विकास कार्यों को गति मिलेगी। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने, पंचायतों को सशक्त बनाने और क्षेत्र की बुनियादी समस्याओं के समाधान के लिए ब्लॉक समिति सक्रिय भूमिका निभाएगी।

**Vaish Arya Kanya Vidyalaya**
Mal Godam Road, Near Anaj Mandi,
Bahadurgarh-124507, Mobile No. 9817776291

**Requirement**

Qualified, Trained Post Graduate/Graduate teachers with experience in reputed CBSE Institution are required for the academic session commencing April 2026 for our school.

TGT:- English, Social Studies
PGT:- English, Maths, Physics
Administrator: - Part time/Full Time

Preference will be given to candidates who have worked in reputed CBSE School for at least 10 year

EXCELLENT REMUNERATION WILL BE OFFERED.

Send your resume by hand or Email to the respective address along with your latest Photograph on or before 09/02/2026. Timing:- 9:00 am to 3:00pm.

Email:- vakvbgh@yahoo.in
Address:- Mal Godam Road, Near Anaj Mandi, Bahadurgarh-124507 (Mobile No. 9817776291)
(Kindly super scribe the envelope with "Application for the Post applied for")

वनस्पति जगत / शिखर चंद जैन

# अजब-अनोखे मनभावन फूल

रंग-बिरंगे मनमोहक फूल किसे नहीं भाते! इन फूलों की अगर अपनी कोई ऐसी खूबी हो, जो बहुत अनोखी हो तो इनका आकर्षण और बढ़ जाता है। जानो, ऐसे ही कुछ अजब-अनोखे फूलों के बारे में कि ये किस कारण अनोखे हैं और ये कहां पाए जाते हैं?



बच्चो, फूल अपनी खूबसूरती और सुगंध के लिए तो जाने जाते ही हैं, इसके अतिरिक्त दुनिया में कई ऐसे फूल हैं, जो बहुत अजब-गजब हैं, जो भी इन्हें देखता है, आश्चर्यचकित रह जाता है। यहां हम बता रहे हैं, ऐसे ही कुछ अनोखे फूलों के बारे में।

**मंकी ऑर्किड:** नाम के मुताबिक ही इसकी पंखुड़ियों की बनावट बिल्कुल बंदर के चेहरे जैसी होती है। यह फूल मुख्य रूप से दक्षिण अमेरिका के देश इक्वेडोर और पेरू के ऊंचे पहाड़ी इलाकों में पाया जाता है। इस फूल में से पके हुए संतरे जैसी खुशबू आती है।



**ब्लीडिंग हार्ट:** यह फूल गहरे गुलाबी और सफेद रंग का होता है। इसका आकार दिल जैसा होता है, जिसके नीचे से एक बूंद टपकती हुई दिखाई देती है। यह ब्लीडिंग हार्ट जैसा ही दिखता है। यह फूल साइबेरिया, चीन और जापान में पाया जाता है।



**हुकर्स लिप:** यह फूल किसी महिला के होंठों पर लगी लिपस्टिक जैसा दिखता है। मध्य और दक्षिण अमेरिका के वर्षा वनों में पाया जाने वाला यह पौधा, फूलों जैसे दिखने वाले अपने चटक लाल रंग के ब्रैक्ट्स (पत्तियों का एक रूप) के लिए मशहूर है।






**स्वैडल्ड बेबीज ऑर्किड:** इस मोहक फूल की बनावट ऐसी होती है जैसे कपड़े में लिपटा हुआ कोई नन्हा बच्चा सो रहा हो। यह फूल मूल रूप से कोलंबियाई देश के एंडीज पर्वत श्रृंखला के वनों में पाया जाता है।

**नेकेड मैन ऑर्किड:** भूमध्यसागरीय क्षेत्र में पाया जाने वाला यह फूल अपनी विचित्र आकृति के लिए प्रसिद्ध है। इसके छोटे-छोटे फूल बिना कपड़ों वाले इंसान की आकृति जैसे दिखते हैं।

**फ्लाइंग डक ऑर्किड:** ऑस्ट्रेलिया में पाया जाने वाला यह छोटा-सा ऑर्किड उड़ते हुए बत्तख जैसा दिखता है। यह आकार असल में कीड़ों को परागण के लिए आकर्षित करने के लिए होता है।

**डांसिंग गर्ल्स:** पूर्वी अफ्रीका के वर्षा वनों में पाए जाने वाले ये दुर्लभ फूल, सफेद या हल्के गुलाबी रंग के होते हैं। इनकी बनावट ऐसी होती है, जैसे कोई लड़की डांस कर रही हो।

**पैरट फ्लावर:** थाईलैंड और म्यांमार में पाया जाने वाला यह फूल एक उड़ते हुए तोते जैसा दिखता है। इसे दुर्लभ श्रेणी में रखा गया है। इस फूल का देश से बाहर निर्यात प्रतिबंधित है।

**बर्ड ऑफ पैराडाइज:** यह फूल उड़ते हुए रंग-बिरंगे पक्षी जैसा दिखता है। इसके चटक नारंगी और नीले रंग इसे बेहद मनमोहक बनाते हैं। *

## खास समय में खिलने वाले फूल

**बच्चो, कुछ** फूल ऐसे होते हैं, जो किसी खास समय में ही खिलते हैं। इन फूलों में भी कई विशेषताएं पाई जाती हैं।

**मॉर्निंग ग्लोरी:** यह एक खूबसूरत बेल वाला पौधा है, जो अपने तुरही के आकार के फूलों के लिए जाना जाता है। ये फूल सुबह सूरज उगने पर खिलते हैं। ये बैंगनी, नीले, गुलाबी, लाल और सफेद रंगों के होते हैं।



**चांदनी रात में खिलने वाले फूल:** कुछ फूल, जैसे 'मून फ्लावर' दिन में बंद रहते हैं और रात में चांद की रोशनी में खिलते हैं, जो रात के समय एक अनोखा नजारा पेश करते हैं। रात में खिलने वाले ये फूल न केवल सुंदर होते हैं, बल्कि उनकी खुशबू भी बहुत मनमोहक होती है।

**रात की रानी:** नाइट ब्लूमिंग जैस्मिन यानी रात की रानी अपने छोटे सफेद फूलों और भीनी-भीनी खुशबू के लिए प्रसिद्ध है। इसे पारिजात या हरसिंगार के नाम से भी जाना जाता है। इसके सफेद फूल और नारंगी डंठल होते हैं। यह रात में खिलता है और सुबह होने पर खुद-ब-खुद जमीन पर गिर जाता है।



**रजनीगंधा:** इसके लंबे डंठल पर सफेद फूल खिलते हैं, जिनकी खुशबू रात में और भी बढ़ जाती है।

**फोर ओ क्लॉक फ्लावर:** यह फूल अकसर शाम को 4 बजे खिलते हैं और रात भर खिले रहते हैं। इसे गुल अब्बास का पौधा या मीराबिलिस जालपा कहा जाता है। इसे कृष्णाकली, संध्याकली, संजमल्लिगे, अंधीमल्लिगाई और लंकाफूल भी कहा जाता है।

**ईवनिंग प्रिमरोज:** इसके पीले फूल शाम के समय खिलते हैं और अपनी मीठी महक बिखेरते हैं।

**ब्रह्म कमल:** इस फूल को 'हिमालय का सम्राट' कहा जाता है। यह साल में केवल एक बार रात में खिलता है और सुबह होते ही बंद हो जाता है।



# सफेद-घने फर वाला पोलर बियर

पोलर बियर यानी ध्रुवीय भालू, एक बेहद क्यूट-सा दिखने वाला जंतु है। लेकिन यह जितना क्यूट दिखता है, उतना ही खतरनाक भी है। जानो, आर्कटिक क्षेत्र में पाए जाने वाले पोलर बियर के बारे में कुछ और बातें।

जंतु जगत
रेखा शाह आरबी

बच्चो, कोई भी जब पोलर बियर को देखेगा तो इसकी सुंदरता और क्यूटनेस देखकर मोहित हो जाएगा। देखने में इतना मासूम लगता है कि आभास भी नहीं होता कि यह एनिमल एक खतरनाक शिकारी भी है। पोलर बियर, आर्कटिक क्षेत्र का सबसे बड़ा मांसाहारी शिकारी जंतु कहा जाता है।

**शारीरिक विशेषताएं:** पोलर बियर का फर सफेद रंग का होता है। लेकिन उसकी स्किन काली होती है। बहुत घने फर के कारण यह पूरा सफेद दिखाई देता है। इसका वजन 300 से 700 किलोग्राम तक हो सकता है। लंबाई की बात करें, तो एक वयस्क पोलर बियर की लंबाई 8 से 10 फीट तक होती है। इसका खूबसूरत फर वास्तव में पारदर्शी और खोखला होता है। जिससे धूप की रोशनी नीचे काली त्वचा तक पहुंचती है, जो गर्मी सोख लेती है। फर की मोटी परत और त्वचा के नीचे फैट (वसा) की मोटी परत इसे ठंड से बचाती है। पोलर बियर के पैर बड़े, चौड़े और खुरदुरे होते हैं, जो इसे बर्फ पर चलने में सहायक होते हैं, फिसलने से बचाते भी हैं। पोलर बियर एक बेहतरीन तैराक भी होता है।



**आवास व आहार:** आर्कटिक महासागर और उसके आस-पास के समुद्री बर्फ वाले क्षेत्र, पोलर बियर के मुख्य निवास स्थान हैं। कनाडा, ग्रीनलैंड, अलास्का (अमेरिका), स्वालबार्ड (नॉर्वे) जैसी बर्फीली जगहों पर यह मुख्य रूप से पाया जाता है, क्योंकि इसका भोजन वहीं पर मिलता है। यह सील का शिकार करता है। आहार में मुख्य रूप से यह सील ही खाता है। हालांकि यह अन्य स्तनधारी जंतुओं का भी शिकार करता है।

**माहिर शिकारी:** पोलर बियर एक माहिर शिकारी होता है। यह घात लगाकर शिकार करता है। दरअसल, बर्फ के नीचे रहने वाली सील सांस लेने के लिए बर्फ में छेद बनाकर रहती है। वहीं पर यह घात लगाकर बैठा रहता है। सील सांस लेने के लिए जैसे ही बाहर आती है, यह उसका शिकार कर लेता है। *

## जरूरी है पोलर बियर का संरक्षण

**आर्कटिक** पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने के लिए पोलर बियर बहुत ही जरूरी प्राणी है। लेकिन जलवायु परिवर्तन के कारण पोलर बियर विलुप्तप्राय हो रहे हैं। आईयूसीएन ने पोलर बियर के लिए ग्लोबल वार्मिंग को सबसे बड़े खतरे के रूप में सूचीबद्ध किया है, क्योंकि ग्लोबल वार्मिंग की वजह से आर्कटिक की बर्फ तेजी से पिघल रही है, इसलिए पोलर बियर के आवास और शिकार (सील) नष्ट हो रहे हैं। इसकी आबादी घट रही है और यह इंसानी बस्तियों के करीब आ रहा है। इस कारण पोलर बियर और इंसानों के बीच संघर्ष बढ़ रहा है। प्रकृति और जलवायु संतुलन के लिए पोलर बियर का संरक्षण बहुत जरूरी है।

तुम्हारे लिए नई किताब / समीर गांगुली

# मजेदार किस्सों का पिटारा

बच्चो, जब तुम जाने-माने लेखक स्वयं प्रकाश की लिखी किताब 'सप्पू के दोस्त' पढ़ोगे तो कभी तुम्हें लगेगा कि सप्पू तो खुद लेखक है, फिर दूसरे ही क्षण लगेगा कि सप्पू तुम स्वयं हो या फिर लगेगा सप्पू तुम्हारा दोस्त है। इस किताब में तुम्हें सप्पू के 11 किस्से पढ़ने को मिलेंगे। हर किस्से में तुम सप्पू के साथ जगह-जगह का मजा लोगे। कभी रेल के डिब्बे में होगे, कभी स्कूल के मैदान में तो कभी रास्ते में किसी मजमे वाले के पास रुककर तमाशा देखोगे। कुछ किस्सों के तो शीर्षक भी एक-एक शब्द के हैं, जैसे- 'इम्मी', 'सबक', 'अमरूद', 'कुली', 'गणेशीलाल'। मजे की बात यह है इन किस्सों में स्वयं सप्पू हीरो नहीं है। हीरो कभी कुली है तो कभी गणेशीलाल या कोई और। बहुत ही निराली है सप्पू की बचपन की दुनिया। बच्चो, एक बार किताब को हाथ में लोगे तो पूरी किताब पढ़कर ही तुम्हें चैन मिलेगा। फिर तुम इस किताब को दोस्तों को भी पढ़ाओगे, ताकि तुम सप्पू के किस्सों पर चर्चा कर सको। किताब के चित्र भी सप्पू के किस्सों की तरह बहुत मजेदार हैं, हंसाते हैं, गुदगुदाते हैं। *



**किताब:** सप्पू के दोस्त (बाल कहानी संग्रह), **लेखक:** स्वयं प्रकाश
**मूल्य:** 200 रुपए, **प्रकाशक:** जुगनू प्रकाशन, नई दिल्ली

## हंसगुल्ले



**रिंकी:** आंखों के भाई को हम किस नाम से बुलाते हैं?
**पिंकी:** पता नहीं, तुम्हीं बता दो।
**रिंकी:** आई-ब्रो।
-हर्षिता, रायपुर

**डॉक्टर:** मिक्की, इस दवाई को दिन में चार चम्मच लेना।
**मिक्की:** फिर तो डॉक्टर अंकल, मैं यह दवा नहीं पी पाऊंगी।
**डॉक्टर:** वो क्यों?
**मिक्की:** मेरे घर में तो सिर्फ दो चम्मच ही हैं।
-कविता, दुर्ग

**पापा:** आज मैथ्स टेस्ट में तुम्हारे कितने नंबर आए?
**सोनू:** मोनू से बीस नंबर कम।
**पापा:** अच्छा! मोनू के कितने नंबर आए हैं?
**सोनू:** बीस नंबर।
-अमन, बिलासपुर

## जीके क्विज-190



1. हाल ही में किस भारतीय महिला बैडमिंटन खिलाड़ी ने संन्यास की घोषणा की है?
2. भारत के 92वें ग्रैंड मास्टर बनने वाले शतरंज खिलाड़ी कौन हैं?
3. भारत के वर्तमान रक्षा मंत्री कौन हैं?
4. दिल्ली के लाल किले का निर्माण किसने करवाया था?
5. हाल में ही वायु सेना के किस अफसर को अशोक चक्र से सम्मानित किया गया?
6. पूर्व न्यायाधीश के टी थॉमस को हाल ही में किस पुरस्कार से सम्मानित किया गया?
7. विटामिन ई का रासायनिक नाम क्या है?
8. कौन-सा विटामिन बोंस को मजबूत बनाने में सहायक होता है?
9. सौरमंडल का सबसे बड़ा ग्रह कौन-सा है?
10. माउंट एवरेस्ट के शिखर तक पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला कौन थीं?



बच्चो, जीके क्विज-190 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-189 का उत्तर :** 1.उर्सुला वॉन डेर लेयेन और एंटोनियो कोस्टा, 2. 77वां, 3.सुभाष चंद्र बोस, 4.15 जनवरी, 5.गुजरात, 6.1950 ई., 7. बी.आर. अंबेडकर, 8.6 (छह), 9.डॉ. राजेंद्र प्रसाद, 10.बंकिम चंद्र चटर्जी

**जीके क्विज-189 का सही उत्तर देने वाले :** भूमेश-महासमुंद, कबीर-हिसार, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, रमेश-बैकुंठपुर, तान्या-दुर्ग, कोमल-हिसार, संचित-रायपुर, अमन-बिलासपुर, सौम्या-बलौदा बाजार, कल्पेश-मटियारी, पवन-दुर्ग



कहानी
गोविंद शर्मा

क्या कोई बंदर पढ़ाई में मन ना लगाने वाले किसी बच्चे को ऐसा सुधार सकता है कि वह बच्चा पढ़ाकू बन जाए? ऐसी अनहोनी दादा जी के साथ उनके बचपन में हुई थी। दादा जी को एक बंदर ने कैसे सुधारा? पढ़ो, एक मजेदार कहानी।

# बंदर जी ने सुधारा!



एक दिन बच्चों ने दादा जी को घेर लिया। बच्चे अकसर ही दादा जी का घेराव अच्छी-अच्छी, प्यारी-प्यारी बातें करने लिए करते रहते हैं। एक बच्चे ने पूछा, 'दादा जी, आप कितनी ही भाषाएं हिंदी, अंग्रेजी, पंजाबी, संस्कृत पढ़ना-लिखना जानते हैं! आप तो कहते हैं कि सिर्फ स्कूल में पढ़े हैं। कभी कॉलेज में पढ़ने नहीं गए। आपको ज्यादा से ज्यादा पढ़ना किसने सिखाया?'

'एक बंदर जी ने।' दादा जी तुरंत बोले।

बच्चे चौंके, 'बंदर ने! दादा जी, यह क्या कह रहे हैं? आप अपने अध्यापक जी को बंदर जी कह रहे हैं?'

'नहीं-नहीं, मैं तो एक बंदर जी को अध्यापक जी कह रहा हूं।' यह कहकर दादा जी मुस्कुराए।

'आप कह क्या रहे हैं दादा जी? बंदरों को तो मदारी लोग यानी आदमी सिखाते हैं। आप किसी बंदर से कैसे सीखे?' बच्चे दादा जी की बात समझ नहीं पा रहे थे।

'सच कहूं या झूठ?' दादा जी हंसते हुए बोले।

'दादा जी, आप क्या झूठ बोलना भी जानते हैं? हमें तो सदा ही सच बोलना सिखाते हैं।' बच्चे बोले।

दादा जी गंभीर हो गए, बोले, 'चलो, मैं अपनी एक सच्ची कहानी सुनाता हूं। जब मैं स्कूल में था, मेरी रुचि पढ़ने में बहुत कम थी। घर के लोग और स्कूल के कुछ अध्यापक इस कोशिश में रहते थे कि पढ़ने में और स्कूल में टिके रहने में मेरी रुचि बढ़े।'

'यह स्कूल में 'टिके रहना' क्या होता है?' बीच में एक बच्चा बोला।

'टिके रहना भी होता है। मुझे जब भी मौका मिलता, क्लास छोड़कर स्कूल से भाग जाता। इधर-उधर घूमता और छुट्टी होने के समय घर आ जाता।' दादा जी ने बताया।

'क्या आप स्कूल बैग के साथ स्कूल से बाहर आ जाते थे?' एक बच्चे ने सवाल किया।

'अरे नहीं, स्कूल बैग क्लास में छोड़ आता था। छुट्टी होने पर कोई दोस्त वह बैग बाहर लाकर मुझे दे देता। हम स्कूल बैग को बस्ता कहते थे। मेरी तरह स्कूल के कुछ और बच्चे भी ऐसा करते थे। हम स्कूल के मुख्य द्वार से बाहर नहीं जाते थे। क्योंकि ऐसा करने पर हेड मास्टर जी या कोई और मास्टर जी देख सकते थे। इसलिए, हम स्कूल की पिछली दीवार लांघकर बाहर जाते थे यानी बंक मारते थे।' दादा जी एक पल रुके, फिर आगे बोले, 'एक दिन गजब हो गया। जैसे ही मैं दीवार से दूसरी तरफ कूद कर खड़ा हुआ, एक बंदर पता नहीं कहां से आ गया। उस समय हमारे स्कूल के आस-पास बंदर नहीं होते थे। मैं उस बंदर को देखता रहा और वह मुझे देखता रहा। मैं जाने लगा तो वह 'खों खों' करता मेरी तरफ बढ़ा। मैं डर गया। मैं कभी इधर तो कभी उधर भागने लगा। बंदर ने मेरा पीछा नहीं छोड़ा। मैं किसी तरह वापस दीवार पर चढ़कर स्कूल की बाउंड्री में कूद गया। कुछ और बच्चों को भी उस बंदर ने स्कूल से यूं भागने से रोका। मैंने एक-दो दिन बाद फिर कोशिश की। पर हर बार वह बंदर मुझे तैयार मिलता। स्कूल से मुझे भागने नहीं देता। उसके डर से मैं स्कूल के समय में स्कूल में ही रहने लगा। अपनी कक्षा में बैठने लगा। पढ़ाई में रुचि लेने लगा। मुझे पढ़ने में भी मज़ा आने लगा। एक दिन तो गजब हो गया। मुझे अपने गणित के अध्यापक जी के मुंह से थैंक यू सुनने को मिला। अध्यापक जी बोले, 'पहले मुझे लगता था कि तुम इस कक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम खराब कर दोगे। लेकिन अब लगता है, तुम्हारी गणित में रुचि लेने से परिणाम ज्यादा अच्छा रहेगा, थैंक यू!' बच्चो, शायद तुम समझ गए होगे कि उस समय मुझे कितनी ज्यादा खुशी हुई होगी, क्योंकि अध्यापक जी से थैंक यू कभी-कभी ही मिलता है। मैं तुम लोगों से यही कहना चाहूंगा कि किसी भी जानवर को कभी कम नहीं समझना चाहिए।'

'बिल्कुल दादा जी, हम यह समझ गए कि आप किसी अध्यापक को बंदर जी नहीं कह रहे हैं बल्कि बंदर को ही बंदर जी कह रहे हैं। कहना भी चाहिए, क्योंकि आपको और आप जैसे दूसरे बच्चों को सुधारने में जहां अध्यापक जी सफल नहीं हुए, वहां एक बंदर जी सफल हो गए। लेकिन हम तो आपसे ही बहुत कुछ सीख रहे हैं, इसलिए आपको ही कहेंगे थैंक यू!'

इसके बाद तो कुछ देर तक बच्चे हंसते रहे। *

कविता
राम नरेश 'उज्ज्वल'



## बिना पंख उड़ता है मन

बहुत तेज चलता है मन।
मनचाहा करता है मन।।
गहरी नदियों में जाता,
हीरे-मोती ले आता,
ऊंचे-ऊंचे शिखरों पर
बिन पैरों चढ़ता है मन।
बहुत तेज चलता है मन।।
उड़न खटोला ले आता,
दूर देश तक ले जाता,
स्वर्गलोक की परियों से
पल भर में मिलता है मन।
बहुत तेज चलता है मन।।
रॉकेट जैसा खूब उड़े,
सूर्य चंद्र से बात करे,
नील गगन में सन-सन-सन
बिना पंख उड़ता है मन।
बहुत तेज चलता है मन।।
किले हवाई बड़े-बड़े,
पल में जीते बिना लड़े,
महल खयाली कितने ही
क्षण भर में रचता है मन।
बहुत तेज चलता है मन।।
सागर में गोता खाता,
पनडुब्बी-सा बन जाता,
खतरनाक शेरों को भी
काबू में करता है मन।
बहुत तेज चलता है मन।।

## अंतर बताओ


बच्चो, यहां एक एंग्री बर्ड के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन चित्रों में पांच अंतर है। तुम्हें तीन मिनट में ये पांच अंतर खोजने है। तो देर किस बात की, फटाफट सभी पांच अंतर खोजो।




उत्तर: 1.एंग्री बर्ड की टेल का एक फर ब्लू है। 2.एंग्री बर्ड के पीछे पेड़ में कोटर नहीं है। 3.ऊपर पेड़ की तीन पत्तियां कम हैं। 4.एंग्री बर्ड के बाएं पैर में एक अंगुली कम है। 5.एंग्री बर्ड के आगे स्नेल का डायरेक्शन बदला हुआ है।

## सही रास्ता खोजो

बच्चो, इस चित्र में दिख रहे मंकी को स्टार ट्वॉय चाहिए। लेकिन स्टार जिस जगह रखा हुआ है, वहां तक पहुंचने का रास्ता टेढ़ा-मेढ़ा है। तुम मंकी को स्टार तक पहुंचने का रास्ता तो बताओ जरा।



### कर्मचारियों ने अधीक्षक अभियंता के माध्यम से बिजली मंत्री को ज्ञापन भेजा

# लंबित मांगों को लेकर बिजली निगम कर्मचारियों ने की सांकेतिक भूख हड़ताल

**सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर


झज्जर। सांकेतिक भूख हड़ताल में उपस्थित बिजली निगम कर्मचारी।

विभिन्न लंबित मांगों को लेकर वीरवार को बिजली निगम कर्मचारियों द्वारा सर्कल स्तरीय सांकेतिक भूख हड़ताल की गई। राज्य कार्यकारिणी में हुई मीटिंग में लिए निर्णय के अनुसार सुबह 11 बजे से सायं 4 चार बजे तक सांकेतिक भूख हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों ने माननीय हरियाणा उच्च न्यायालय के आदेशानुसार 10 वर्षों से कार्यरत कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, ऑनलाइन तबादला नीति को रदद करने, पुरानी पेंशन बहाल करने इत्यादि मांगों के लिए आवाज उठाई। इस दौरान राज्य उपप्रधान बंसीलाल, राज्य कमेटी सदस्य रविंद्र दलाल, सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान रामबीर, जिला सचिव नरेश, बहादुरगढ़ यूनिट के वरिष्ठ उपप्रधान बिजेंद्र सैनी, रिटायर्ड कर्मचारी संघ से रमेश जाखड़ आदि ने सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों बारे विस्तार से जानकारी दी।

सर्कल सेक्रेट्री भूपेंद्र यादव की अध्यक्षता में आयोजित इस सांकेतिक भूख हड़ताल के उपरांत कर्मचारियों ने अधीक्षक अभियंता के माध्यम से बिजली मंत्री को ज्ञापन भेजा। सांकेतिक भूख हड़ताल में सुनील, जयवीर, रामबीर, उमेश, जोगेंद्र, कृष्ण, जसबीर, प्रवेश, प्रवीण, चंद्रकांत शामिल रहे। कर्मचारियों द्वारा आगामी दो फरवरी को रोहतक जोन पर सांकेतिक भूख हड़ताल व बारह फरवरी को राष्ट्रीय हड़ताल में बढ़ चढ़कर भाग लेने का निर्णय लिया।

**मौके पर ये मौजूद रहे**

इस मौके पर भूरा, हंसराज, सुनील, नरेश, राजकुमार, वेदपाल, अमित, विकास, लोकेश, नरेंद्र, शीनू, देवेंद्र, राजेश किराड़, ललित, राकेश, शमशेर, आदर्श चौहान सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

# डायवर्सन मार्ग बने कूड़ा डंपिंग प्वाइंट, आमजन हो रहे परेशान

■ कूड़ा गिराने वालों के खिलाफ नहीं की जा रही कोई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर


झज्जर। बेरी मार्ग डायवर्सन मार्ग पर लगे कूड़े के ढेर। फोटो : हरिभूमि

शहर के डायवर्सन मार्ग खुलेआम डंपिंग प्वाइंट में तब्दील हो रहे हैं। जगह-जगह लगे कूड़े के ढेरों के कारण राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। डायवर्सन मार्गों के किनारे घरेलू कचरा, प्लास्टिक की थैलियां व निर्माण कार्यों से निकला मलबा भी पड़ा हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन मार्गों से गुजरते समय दुर्गंध के कारण सांस लेना तक मुश्किल हो जाता है।

कूड़े के ढेरों पर आवारा पशु बैठे रहते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। वहीं मच्छर पनपने से बीमारियों का खतरा भी लगातार बढ़ रहा है।

**सफाई दरोगाओं की ड्यूटी लगाई जाएगी**

कूड़ा गिराने वालों के खिलाफ अब तक कोई सख्त कार्रवाई नहीं की गई है। नगर परिषद द्वारा कूड़ा डालने पर प्रतिबंध और जुर्माने के प्रावधान होने के बावजूद लोग बेखौफ होकर कचरा डाल रहे हैं। जिसके कारण आमजन में रोष भी बना हुआ है। स्थानीय निवासी पुरूषोतम, देवेंद्र, कृष्ण आदि ने मांग करते की है कि नगर परिषद जल्द से जल्द इन डायवर्सन मार्गो की नियमित सफाई कराए, कूड़ा फेंकने वालों की पहचान के लिए सीसीटीवी लगाए जाएं और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इस संबंध में नगर परिषद के चेयरमैन जिले सिंह सैनी ने कहा कि सैनेटरी इंस्पेक्टर के नेतृत्व में सफाई दरोगाओं की ड्यूटी लगाई जाएगी। जो रात के समय भी मॉनिटरिंग करेंगे। जल्द ही डायवर्सन मार्गों पर डाले गए कूड़े को उठवाया जाएगा।

## एनसीआर नहर से मिले शव की नहीं हो पाई शिनाख्त



**झज्जर।** बीती 25 जनवरी को क्षेत्र के गांव रोहद की एनसीआर नहर में मिले युवक के शव की शिनाख्त नहीं हो पाई। शव गली सड़ी हालत में होने के कारण वीरवार को स्थानीय नागरिक अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। मामले के जांच अधिकारी सोमबीर ने बताया कि शव करीब तीस वर्षीय युवक का प्रतीत होता है। उसे शिनाख्त के लिए 72 घंटों तक बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में रखवाया गया था और मृतक की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे थे। अब शव को पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल लाया गया है। यहां पोस्टमार्टम कराने के बाद बहादुरगढ़ पहुंचकर शव का अंतिम संस्कार कराया जाएगा।

# बाल विवाह मुक्ति रथ यात्रा का शुभारंभ

■ रथ यात्रा जिले में 15 दिनों तक विभिन्न गांवों में पहुंचकर बाल विवाह के प्रति जागरूक करेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। रथ यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए सीजेएम विशाल।

वीरवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा एमडीडी ऑफ इंडिया द्वारा जिले में बाल विवाह मुक्ति रथ यात्रा की शुरुआत की गई। रथ यात्रा का शुभारंभ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव विशाल द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस दौरान अपने संबोधन में सीजेएम विशाल ने कहा कि बाल विवाह लड़के व लड़कियों के सर्वांगीण विकास में बाधक है। इसलिए इस कुप्रथा को मिटाना जरूरी है।

**सामूहिक प्रयास से ही कुप्रथा को रोका जा सकता है**

सामूहिक प्रयास से ही इस कुप्रथा को रोका जा सकता है। इस दौरान उपस्थित जिला परिषद के चेयरमैन कप्तान बिरधाना, भदानी ग्राम सरंपच ज्योति, पैरा लीगल वॉलंटियर कर्मजीत छिल्लर आदि ने भी लोगों को संबोधित किया। रथ यात्रा ने पहले दिन शहर के मुख्य चौक चौराहों से होते हुए क्षेत्र के गांव कैमलगढ़, बीड़ सुनार वाला से होकर भदानी गांव तक पहुंची। एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था के जिला समन्वयक मनोज कुमार ने बताया कि यह बाल विवाह मुक्ति रथ यात्रा जिले में 15 दिनों तक विभिन्न गांवों में पहुंच कर लोगों को बाल विवाह के प्रति जागरूक करेगी। इस मौके पर संदीप जांगड़ा, पूनम डागर व मीना सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## डीसी ने की जल संचय-जन भागीदारी कार्यक्रम की समीक्षा




**झज्जर।** जल शक्ति अभियान तथा जल संचय जनभागीदारी 2.0 अभियान की प्रगति को लेकर अधिकारियों की समीक्षा बैठक में डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने निर्देश दिए कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध पूरा करें। जल संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी जरूरत है और इसे जन-आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। जिले में वर्षा जल संचयन, तालाबों के पुनर्जीवन, चेक डैम, सोक पिट, रेन वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर तथा अन्य जल संरक्षण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में चिन्हित कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और प्रगति रिपोर्ट समय-समय पर प्रस्तुत की जाए।

## श्रद्धालुओं को करवाया श्रीकृष्ण की लीलाओं से रूबरू


झज्जर। श्रीमद् भागवत कथा के दौरान उपस्थित श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

*झज्जर। स्थानीय सुनारों वाली धर्मशाला में चल रहे श्रीमद भागवत सप्ताह महायज्ञ के पांचवें दिन श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण बाल लीलाओं से अवगत करवाया गया। कथा व्यास आचार्य उपेंद्र कृष्ण ने कान्हा की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए बताया कि उन्होंने गांव वासियों को तेज वर्षा से बचाने के लिए गोवर्धन पर्वत अपनी उंगली पर विराजमान किया था। उन्होंने कान्हा की लीलाओं में माखन चोरी लीला, चीर हरण लीला, कालिया दमन लीला एवं गिरिराज लीला का श्रवण मौजूद श्रद्धालुओं को कराया। धर्मशाला के प्रधान भारत भूषण सोनी ने बताया कि मंदिर महंत हरिपुरी महाराज के सानिध्य के चल रही इस कथा में गिरिराज जी का पूजन कर श्रद्धालुओं में अन्नकूट प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर भोलू सोनी, मुकेश सोनी, डॉक्टर सुभाष सोनी, अनीता, ममता, मिनाक्षी, पूजा, विनोद गुर्जर, संतराम गुर्जर सहित अन्य भी उपस्थित रहे।*

## ग्रामीणों को ऑनलाइन ठगी के प्रति किया जागरूक


झज्जर। ग्रामीणों को जागरूक करते हुए पुलिसकर्मी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

■ ग्रामीणों को डायल 112 आपातकालीन सेवा की जानकारी दी गई

क्षेत्र के गांव बिरड़ माजरा में पुलिस की नशा मुक्ति अभियान टीम द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देना और समाज को नशामुक्त बनाने के लिए प्रेरित करना रहा। नशामुक्ति टीम ने ग्रामीणों को बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि परिवार और समाज पर भी इसका गंभीर प्रभाव पड़ता है। नशे के कारण अपराध, घरेलू हिंसा और सड़क दुर्घटनाओं जैसी समस्याएं बढ़ती हैं। टीम ने ग्रामीणों से नशे से दूर रहने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की अपील की। इसके साथ ही ग्रामीणों को डायल 112 आपातकालीन सेवा की जानकारी दी गई और बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता के लिए 112 पर कॉल किया जा सकता है। साइबर अपराधों के मामलों को देखते हुए साइबर सुरक्षा के बारे में भी जागरूक किया गया तथा ऑनलाइन ठगी से बचने के उपाय बताए गए।

# स्कूल में बच्चों को यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया

■ स्कूल निदेशक बिजेंद्र कादियान ने मुख्यातिथि का आभार जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर


झज्जर। सेमिनार में उपस्थित विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

इंडो अमेरिकन स्कूल में पुलिस की पाठशाला विषय पर सेमिनार का आयोजन आयोजन किया गया। सेमिनार में एसीपी सुरेंद्र कुमार ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करते हुए विद्यार्थियों को नशा मुक्ति, साइबर अपराध से बचाव, ट्रैफिक नियमों की पालना तथा कानून के प्रति सम्मान करने जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने सरल भाषा और व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से विद्यार्थियों को समझाया कि किस प्रकार छोटी-छोटी सावधानियां अपनाकर वे अपने जीवन को सुरक्षित और अनुशासित बना सकते हैं। विद्यार्थियों ने साइबर अपराध, सड़क सुरक्षा और युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे जिनके उत्तर मुख्यातिथि द्वारा सहज व प्रभावशाली ढंग से दिए गए। स्कूल निदेशक बिजेंद्र कादियान ने मुख्यातिथि का आभार जताते हुए विद्यार्थियों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया।

## फोटोग्राफर को गोली मारने के मामले में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज



**झज्जर।** क्षेत्र के गांव माछरौली में बाइक सवार दो युवकों द्वारा एक फोटोग्राफर को गोली मारने मामले में पुलिस द्वारा पीड़ित जगत की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। माछरौली थाना प्रभारी इंस्पेक्टर परमजीत ने बताया कि आरोपियों को पकड़ने के लिए कई टीमों का गठन किया गया है। बता दें कि पीड़ित फोटोग्राफर जगत ने बताया था कि उसने चार माह पहले प्रेम विवाह किया था। इसी के चलते उसके ससुराल पक्ष के लोगों ने बीते वर्ष अक्टूबर माह में भी उसके साथ मारपीट कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था। अब उसके साथ यह वारदात हुई है। जगत के अनुसार बाइक सवार युवक हेलमेट लगाए हुए थे जिस कारण वह उनका चेहरा नहीं देख पाया, लेकिन उसे शक है कि यह काम उसके ससुराल पक्ष के लोगों का हो सकता है।

## समाधान शिविर में पहाड़ीपुर के ग्रामीणों ने अवैध कब्जे हटवाने की शिकायत की



**बेरी।** वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम रेणुका नांदल ने नागरिकों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्याओं के जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। शिविर में नागरिक परिवार पहचान पत्र, बिजली निगम, राजस्व विभाग व पंचायती विभाग आदि से संबंधित शिकायत लेकर नागरिक पहुंचे। इस दौरान गांव पहाड़ीपुर के ग्रामीणों ने गांव में अवैध कब्जे हटवाने की शिकायत की। वहीं बेरी में पार्कों में जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग नागरिकों ने की। उन्होंने गांव पहाड़ीपुर गांव के ग्रामीणों की शिकायत सुनते ही जरूरी निर्देश दिए। वहीं, नपा अधिकारियों को पार्कों में आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने के निर्देश दिए।

## स्वच्छता अभियान चलाकर की संस्थान परिसर में साफ-सफाई



झज्जर। संस्थान परिसर की साफ-सफाई करते हुए निदेशक उमेश भूकर गोरिया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

■ प्लास्टिक कचरे को एकत्रित कर पृथीकरण किया और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया

पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में वीरवार को विशेष सफाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था निदेशक उमेश भूकर गोरिया की अध्यक्षता में स्टॉफ सदस्यों व प्रशिक्षुओं के साथ स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत के संकल्प के साथ संस्थान परिसर व आस पास के क्षेत्र की सफाई की। इसके अलावा प्लास्टिक कचरे को एकत्रित कर पृथीकरण किया और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। निदेशक उमेश भूकर गोरिया ने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक का कर्त्तव्य है।

यदि हम अपने घर, गली और कार्यस्थल को स्वच्छ रखें तो पूरा देश स्वच्छ और स्वस्थ बनेगा। इस दौरान प्रशिक्षुओं को भी स्वच्छता संबंधी शपथ दिलाई गई। इस मौके पर सतपाल सिंह, आशीष शर्मा, रेखा, शशी कुमार, सुरेंद्र सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### राजकीय महाविद्यालय बिरोहड़ में विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन

# विज्ञान प्रदर्शनी में महक व स्वीटी का मॉडल प्रथम

■ विज्ञान केवल पुस्तकों तक ही सीमित विषय नहीं है बल्कि यह हमारे दैनिक जीवन का भी अभिन्न हिस्सा है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। विज्ञान प्रदर्शनी में उपस्थित शिक्षक एवं प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

राजकीय महाविद्यालय बिरोहड़ में वीरवार को रसायन विज्ञान, भौतिकी एवं भूगोल विभागों के संयुक्त तत्वावधान में विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रशासनिक अधिकारी डॉक्टर सुरेंद्र ने बताया कि प्राचार्य प्रोफेसर डॉक्टर सतवीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रदर्शनी में संदेश दिया गया कि विज्ञान केवल पुस्तकों तक ही सीमित विषय नहीं है बल्कि यह हमारे दैनिक जीवन का भी अभिन्न हिस्सा है। हम जो देखते हैं, समझते हैं और प्रयोग करते हैं वह सब विज्ञान का ही परिणाम है। प्रदर्शनी संयोजक एवं रसायन विभाग प्रभारी डॉ. शिवानी ने बताया कि विज्ञान प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार एवं रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना रहा।

**प्रतियोगिता के परिणाम**

इस दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर मॉडल एवं चार्ट प्रस्तुत किए। निर्णायक की भूमिका डॉक्टर सुरेंद्र सिंह, राजेश व ओमबीर ने निभाई। प्रतियोगिता परिणामों में रसायन विज्ञान विभाग से बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा महक व स्वीटी ने न्यूक्लियर पॉवर प्लांट मॉडल प्रस्तुत कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर डॉक्टर सीतू व मंजू सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। योग ब्रेक के दौरान योग करते हुए एडीसी जगनिवास व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## योगा ब्रेक में अधिकारियों ने किया योगाभ्यास

**झज्जर।** वीरवार को स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में अधिकारियों व कर्मचारियों को सहायक प्रवीन कुमार व योग सहायिका दयावंती ने सूर्य नमस्कार की क्रियाएं करवाते हुए योगाभ्यास करवाया। एडीसी जगनिवास ने उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को नियमित रूप से इस अभ्यास को करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि सूर्य नमस्कार संपूर्ण शरीर के लिए एक उत्तम शारीरिक व मानसिक व्यायाम है जो शरीर में रक्त संचालन तथा शरीर की मांसपेशियों में लचीलापन पैदा कर उनके कार्य में सुधार करता है। उन्होंने कहा कि योगा ब्रेक में अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा पांच मिनट योग करके तनाव रहित रहा जा सकता है।

**सूचना**

मैं सुदेश पत्नी स्व. देवेंद्र देशवाल निवासी बालौर रोड, कश्मीरी कॉलोनी, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करती हूं कि मेरा पुत्र भारत मेरे कहने सुनने से बाहर है और अपनी मर्जी से कार्य करता है। मैं भारत से अपने तमाम संबंध समाप्त करते हुए अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करती हूं। भविष्य में उसके साथ किसी तरह का लेन-देन करने व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। भारत अपने प्रत्येक कार्य के लिए स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरा व मेरे परिवार के सदस्यों का उससे कोई संबंध व सरोकार नहीं रहा।

## खबर संक्षेप

### डीसी ज्वेलर्स पर हुई वारदात तीन सप्ताह बाद भी अनसुलझी

**बहादुरगढ़।** अशोक नगर स्थित डीसी ज्वेलर्स पर हुई चोरी की वारदात अभी तक अनसुलझी है। वारदात के तीन सप्ताह बीत जाने के बाद भी चोरों का कुछ सुराग नहीं लग पाया है। हालांकि पुलिस की कई टीमें मामले की जांच में जुटी हैं। गत आठ जनवरी की रात को यह वारदात हुई थी। लगभग सात लाख रुपये के आभूषण चोर चुराकर ले गए थे। सीसीटीवी में छह चोर नजर आए थे। पेशेवर चोरों ने पूरी योजनाबद्ध तरीके से वारदात की। पहले पड़ोसियों के मकान बंद किए और फिर दुकान पर धावा बोला। गनीमत रही कि नींद खुलने पर पड़ोसियों ने ईंटों से हमला कर दिया, अन्यथा वे तिजोरी को भी निशाना बना सकते थे। वारदात के बाद शातिर चोर स्टेशन की तरफ भागे थे। संभवतः रेलगाड़ी में बैठकर वे कहीं निकल गए। तब से पुलिस की कई टीमें मामले में भागदौड़ कर रही हैं, लेकिन तीन सप्ताह बाद भी सफलता नहीं मिल सकी है। पुलिस का कहना है कि जांच चल रही है। वारदात सुलझाने के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

### वेस्ट जुआं ड्रेन की सड़क की दयनीय हालत पर उठे सवाल

**बहादुरगढ़।** शहर की वेस्ट जुआं ड्रेन वाली सड़क के गड्ढे भरने के नगर परिषद के दावे पूरे नहीं होने पर बीजेपी नेता जसबीर सैनी ने सवाल उठाए हैं। नगर परिषद चेयरपर्सन के दावों का उल्लेख करते हुए कहा कि इस रोड का आज भी बुरा हाल है। यहां बनाए गए 2 शौचालय भी पूर्ण रूप से चालू नहीं हुए हैं। नजफगढ़ रोड की हालत सालों से खराब है। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से जल्द इन गड्ढों को भरने की मांग की।


झज्जर। समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल। फोटो: हरिभूमि

### जिला स्तरीय समाधान शिविर में डीसी ने छह शिकायतें सुनीं

**झज्जर।** वीरवार को आयोजित जिला स्तरीय समाधान शिविर में डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने आमजन की समस्याएं सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की शिकायतों का समयबद्ध और प्रभावी समाधान कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। आमजन की शिकायतों को नजरअंदाज करना किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। अधिकारी आमजन की शिकायतों के निवारण की दिशा में तत्परता से कार्रवाई कर उन्हें राहत पहुंचाएं। समाधान शिविर में आधा दर्जन शिकायतें पंजीकृत हुईं।

---

## जांच समितियों में सभी वर्गों के संतुलित प्रतिनिधित्व की मांग

# यूजीसी बिल के विरोध में ब्राह्मण महासभा सेवा ट्रस्ट ने सौंपा ज्ञापन

**कहा-सामान्य वर्ग को पहले से ही दोषी मानकर दंडात्मक कार्रवाई किए जाने की आशंका**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़


बहादुरगढ़। नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते फूलचंद मिश्रा व अन्य। फोटो: हरिभूमि

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा स्वीकृत प्रस्तावित बिल को लेकर सामान्य वर्ग में रोष पनप रहा है। इसी कड़ी में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा सेवा ट्रस्ट के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के नाम उपमंडल अधिकारी के माध्यम से ज्ञापन भेजा। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा सेवा ट्रस्ट के राष्ट्रीय सचिव पंडित फूलचंद्र मिश्रा, संदीप कुमार, मनोज पाठक, अंश कौशिक, कुलदीप राठी सहित अन्य पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने आरोप लगाया कि यूजीसी द्वारा लाया गया यह बिल जातिगत भेदभाव को बढ़ावा देने वाला है और यह संविधान द्वारा प्रदत्त समानता के अधिकार का उल्लंघन करता है।

बिल में अनुसूचित व पिछड़ा वर्ग को एकतरफा अधिकार दिए गए हैं, जबकि सामान्य/स्वर्ण वर्ग के विद्यार्थी और शिक्षक को अपना पक्ष रखने का पर्याप्त अवसर नहीं मिलता। उन्होंने बताया कि जांच समितियों में सामान्य वर्ग का कोई प्रतिनिधित्व नहीं है, जिससे निष्पक्ष जांच की प्रक्रिया प्रभावित होती है।

इससे सामान्य वर्ग को पहले से ही दोषी मानकर दंडात्मक कार्रवाई किए जाने की आशंका बनी रहती है। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि इस प्रकार के कानून सामान्य वर्ग के साथ भेदभाव को जन्म देते हैं। यदि सामान्य वर्ग के विरुद्ध खुले मंचों से अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया जाता है, तो उसके खिलाफ भी सख्त कानूनी प्रावधान होने चाहिए।

फूलचंद मिश्रा ने बिल को वापस लेने अथवा उसमें संशोधन कर सामान्य वर्ग को भी समान अधिकार और सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है। साथ ही जांच समितियों में सभी वर्गों के संतुलित प्रतिनिधित्व की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

### यूजीसी के नए नियमों को वापस लेने की मांग

*झज्जर। श्रीब्राह्मण महासभा द्वारा रेवाड़ी रोड स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में एक मीटिंग का आयोजन कर सरकार से यूजीसी के नए नियमों को वापस लिए जाने की मांग की। महासभा के महासचिव संत सुरेहती ने कहा कि इस कानून से न केवल सामाजिक असमानता बढ़ती है अपितु इससे सामाजिक तानाबाना भी छिन्न-भिन्न हो जाएगा। सरकार के इस एक तरफा नियम से स्वर्ण समाज स्वयं को ठगा सा महसूस कर रहा है। अगर सरकार को यह नियम लागू करना है तो झूठी शिकायत करने वाले के लिए भी सख्त प्रावधान होने चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा यदि नए नियमों को वापिस नहीं लिया गया तो आगामी समय में उसे नुकसान उठाना पड़ेगा। इस मौके पर कार्यालय सचिव धर्मबीर शर्मा, राजेंद्र शर्मा, योगेश शर्मा, दीपक शर्मा, मोहन शर्मा, रोमी शर्मा, रमन पंडित सहित अन्य भी उपस्थित रहे।*


झज्जर। यूजीसी के नए नियमों को वापस लेने की मांग करते हुए ब्राह्मण महासभा सदस्य। फोटो: हरिभूमि

---


बहादुरगढ़। कैंप में कर्मचारियों का स्वास्थ्य जांचते कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

## शिविर में 100 से अधिक कर्मियों का स्वास्थ्य जांचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

कॉन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज ने भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के सहयोग से आयोजित हो रहे निःशुल्क साप्ताहिक स्वास्थ्य जांच शिविर के क्रम में 5वां कैंप वीरवार को गणपति धाम में लगाया गया।

स्पीडवर्ड साइकिल इंडस्ट्रीज एवं विशिष्ट पैकेजिंग में औद्योगिक कर्मचारियों की स्वास्थ्य जांच की गई। इसमें अनिल गोयल, शुभम गोयल, विकास गुप्ता व शौर्य गुप्ता ने सहयोग किया गया। शिविर में 100 से अधिक कर्मचारियों ने स्वास्थ्य जांच करवाई। इसमें कांता देवी जयप्रकाश जैन ट्रस्ट ने भी योगदान दिया। इस दौरान कोबी अध्यक्ष प्रवीण गर्ग, तिलक राज गर्ग, विकास गुप्ता, कंचन कुमार और सुदेश आदि मौजूद रहे।


बहादुरगढ़। कैंप के पहले दिन बादली कॉलेज में रंगोली बनातीं स्वयंसेविकाएं।

## एनएसएस स्वयंसेवकों को किया समाजसेवा के लिए प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

राजकीय महाविद्यालय बादली में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ वीरवार को हवन के साथ किया गया। हवन का संचालन आचार्य रमेश चंद्र द्वारा किया गया। जिसमें यजमान के रूप में प्राचार्य आनंद काद्यान उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में दुबलधन कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. कर्मबीर गुलिया ने नैतिक मूल्यों पर अपने विचार रखे। उन्होंने एनएसएस स्वयंसेवकों को समाज सेवा के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि नेहा गुलिया ने अपने एनएसएस अनुभव साझा कर स्वयंसेवकों को प्रेरित किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रेनू गुलिया व डॉ. संदीप द्वारा कार्यक्रम का मंच संचालन किया गया।

---


बहादुरगढ़। जसोरखेड़ी में छात्राओं को जानकारी देते डॉ. अजय गुप्ता।

## शिक्षण क्षेत्र में रोजगार के अवसरों पर प्रकाश डाला

**बहादुरगढ़।** गांव जसोरखेड़ी स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में प्लेसमेंट सेल के अंतर्गत एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें छोटूराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन रोहतक के डॉ. अजय गुप्ता ने बतौर मुख्य वक्ता शिक्षण क्षेत्र में रोजगार के अवसरों पर अपने विचार रखे। शिक्षण क्षेत्र में कॅरियर विकल्पों, आवश्यक योग्यताओं तथा भविष्य की संभावनाओं पर विस्तृत जानकारी दी।

## रोहतक के बाद अब बहादुरगढ़ में भी वर्क ऑर्डर कैंसिल करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

■ रोहतक में 32 मृत कुत्ते मिलने के मामले में चल रही जांच

बहादुरगढ़ शहर में कुत्तों की नसबंदी का ठेका लेने वाली एजेंसी से रोहतक में काम बंद करा दिया गया है। बीते दिनों 32 मृत कुत्ते मिलने के मामले में हुई जांच के बाद नगर निगम ने वहां नसबंदी कार्य को रद्द किया है। बहादुरगढ़ में भी प्रशासन से संस्था को दिए वर्क ऑर्डर को कैंसिल करने तथा मामले में उपयुक्त कार्रवाई की मांग उठ रही है।

दरअसल, गत 13 जनवरी की सुबह रोहतक में सुनारिया रोड पर 32 कुत्तों के शव मिले थे। आहत जीव प्रेमियों ने इसके लिए कुत्तों की नसबंदी करने वाली एजेंसी को जिम्मेदार ठहराया था, जिसके बाद एफआईआर और जांच शुरू हुई। जांच के दौरान मिली भारी खामियों आधार पर फाउंडेशन का वर्क ऑर्डर कैंसिल कर दिया गया है।

इसी फाउंडेशन को बहादुरगढ़ में भी तीन हजार कुत्तों की नसबंदी का वर्क ऑर्डर प्राप्त है। कुछ समय पहले यहां नसबंदी के लिए कुत्ते उठाकर रोहतक ले जाए गए तो विवाद गहराया गया था। एजेंसी पर एबीसी के नियमों की घोर उल्लंघना के आरोप लगे। जिसकी शिकायत पुलिस, विजिलेंस रोहतक, उपायुक्त झज्जर, पशु कल्याण विभाग सहित अन्य अधिकारियों, विभागों में दी गई। हालांकि विजिलेंस रोहतक की ओर से भी पत्र जिला उपायुक्त को भेजकर जांच करना का अनुरोध किया गया है। एडवोकेट नवीन सिंगल, मनजीत सहरावत आदि जीव प्रेमियों का कहना है कि यह फाउंडेशन अक्सर विवादों में रही है। बहादुरगढ़ और रोहतक में हुई घटनाएं ताजा उदाहरण है। रोहतक में तो जांच के दौरान खामियां खुलकर सामने आ गई हैं।

---

## नूना माजरा के स्कूल में छात्राओं को मानसिक शांति का महत्व समझाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक नूना माजरा में यूथ पीस फाउंडेशन की टीम द्वारा गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर डॉ. प्रेम रावत के वीडियो कार्यक्रम के माध्यम से मेंटल हेल्थ पीस प्रोग्राम का आयोजन किया गया। सेवानिवृत्त प्रिंसिपल सुरेश सैनी, कविता सोनी, सुकन्या, शिव शर्मा, मुकेश सोनी, राजेंद्र छिल्लर, ईश्वर नैन व अभिषेक उपस्थित रहे।


बहादुरगढ़। फाउंडेशन के सदस्यों को सम्मानित करते स्कूल स्टॉफ। फोटो: हरिभूमि

प्राचार्या पूनम मक्कड़ ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं स्टाफ को मानसिक शांति, आत्म-समझ और सकारात्मक जीवन मूल्यों के प्रति जागरूक करना था। समाज शास्त्र प्रवक्ता सुरेश वर्मा, स्वदेश व मंजू आदि ने कार्यक्रम को बहुत लाभकारी बताया। यूथ पीस फाउंडेशन की टीम ने कहा कि भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत करने के प्रयास जारी रहेंगे।

## सांग कलाकारों ने सत्यवान सावित्री का किस्सा सुनाया

*नरेश कौशिक व अन्य अतिथियों ने मिलकर मंदिर निर्माण के लिए 1.46 लाख का सहयोग किया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

गांव कसार के निर्माणाधीन श्याम बाबा मंदिर परिसर में हुए सांग उत्सव कार्यक्रम में वीरवार को पूर्व विधायक नरेश कौशिक, वाइस चेयरमैन पालेराम शर्मा व पंडित लख्मीचंद धर्मशाला समिति प्रधान प्रवीण कुमार शर्मा आदि ने मुख्य तौर पर शिरकत की।

प्रसिद्ध सांगी पंडित विष्ण दत्त व अन्य कलाकारों ने सत्यवान सावित्री का किस्सा सुनाया। नरेश कौशिक व उनके साथ आए अन्य अतिथियों ने मिलकर मंदिर निर्माण सहयोग के लिए आयोजन समिति सदस्यों को 1 लाख 46 हजार रुपये सहयोग स्वरूप भेंट किए। कौशिक ने कहा कि हरियाणवी संस्कृति को जीवित रखने में सूर्य कवि पंडित लख्मीचंद के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस मौके पर कृष्ण चंद्र, मास्टर सतीश शर्मा, ललित बराही, बिजेंद्र वशिष्ठ, नरेश गौड़, राजेंद्र शर्मा, रमेश मास्टर, हरिओम, अंतर सिंह, सोनू लडरावन, राजबीर छिकारा, अशोक पार्षद, मांगेराम, मनके रामनिवास, कैप्टन इंद्र, सत्यनारायण, हरीश शर्मा, चरण सिंह, श्रवण कौशिक, डॉ सुरेश, दलीप मास्टर, सुरेश, रोहतास व रामनिवास आदि मौजूद रहे।


बहादुरगढ़। कसार में चल रहे सांग उत्सव में लोगों को संबोधित करते नरेश कौशिक।

---


बहादुरगढ़। नशे के विरुद्ध जागरुकता रैली निकालती स्वयंसेविकाएं।

### नशे से बचने के लिए किया जागरूक

**बहादुरगढ़।** वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में नशा मुक्ति प्रकोष्ठ के तत्वावधान में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता रैली निकाली गयी। प्राचार्य डॉ. राजवंती शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि नशा हमारे स्वास्थ्य के लिए अत्यधिक हानिकारक है। छोटे बच्चे भी नशे की लत से अछूते नहीं रहे हैं। प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. शालू शर्मा ने स्वयंसेविकाओं से समाज को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सुजाता वर्मा, डॉ. मंजीत व डॉ. दीपिका की भागीदारी रही।


बहादुरगढ़। चालकों को जागरूक करते इंस्पेक्टर सतीश कुमार।

### चालकों को दी यातायात नियमों की जानकारी

**बहादुरगढ़।** आईडीटीआर बहादुरगढ़ में सड़क सुरक्षा माह के तहत हेवी वाहन की ट्रेनिंग पर आए हुए चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया गया। ट्रैफिक एसएचओ सतीश कुमार ने चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि वाहन चलाते समय सुरक्षा नियमों का पालन करना अत्यंत आवश्यक है, जिससे न केवल चालक बल्कि अन्य सड़क उपयोगकर्ताओं की भी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। वाहन चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट का प्रयोग करें, तेज आवाज में म्यूजिक न बजाएं, मोबाइल फोन का उपयोग न करें तथा नशे की हालत में वाहन न चलाएं। वाहन चलाते समय गति नियंत्रित रखें। ओवरटेक करते समय पर्याप्त दूरी बनाए रखें और जल्दबाजी न करें।


बहादुरगढ़। मुख्य वक्ता राहुल को स्मृति चिह्न भेंट करतीं प्रिंसिपल व अन्य। फोटो: हरिभूमि

### छात्राओं को इंटर्नशिप से संबंधित जानकारियां दी

**बहादुरगढ़।** वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में छात्राओं के शैक्षणिक एवं व्यावसायिक विकास को ध्यान में रखते हुए हनी बेल कंपनी के सहयोग से छात्रा जागरूकता इंटर्नशिप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को उद्योग जगत की आवश्यकताओं से अवगत करवाया गया। कार्यक्रम में हनी बेल कंपनी से मुख्य वक्ता राहुल ने इंटर्नशिप के महत्व, कार्यस्थल पर आवश्यक कौशल, संचार क्षमता तथा करियर निर्माण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने बताया कि इंटर्नशिप एवं जागरूकता कार्यक्रम छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक सिद्ध होते हैं। कई नियोक्ता तकनीकी अनुभव वाले कुशल कर्मचारियों की तलाश में हैं। इंटर्नशिप में रहने से एक छात्र को वास्तविक दुनिया में काम करने का कुछ अनुभव मिलता है। वहीं प्लेसमेंट समन्वयक डॉ. भारती मिश्रा ने छात्राओं को इंटर्नशिप से मिलने वाले लाभों और भविष्य की रोजगार संभावनाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लेते हुए इसे ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी बताया।

## सड़क सुरक्षा व मानसिक स्वास्थ्य पर दिया व्याख्यान

# सामाजिक समस्याओं को लेकर जागरूक होना जरूरी

■ वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट का परनाला में 7 दिवसीय कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा ग्राम परनाला में 7 दिवसीय कैंप के दूसरे दिन प्रातःकालीन सत्र में यातायात प्रभारी सतीश कुमार व आरएसओ सचिव सुधीर भारद्वाज ने सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूक किया। सायंकालीन सत्र में डॉ. रितु मुद्गिल ने छात्राओं को शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य का भी ध्यान रखने की सलाह दी।


बहादुरगढ़। डॉ. रितु मुद्गिल का स्वागत करती डॉ. नेहा नैन व अन्य। फोटो: हरिभूमि

एसएचओ सतीश कुमार ने बताया कि सभी को सड़क व यातायात नियमों की अच्छे से जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने नशा मुक्ति, साइबर क्राइम व ब्लैकमेलिंग आदि विषयों पर भी प्रकाश डाला। सुधीर भारद्वाज ने सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों की जानकारी दी। प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने कहा कि सामाजिक समस्याओं को लेकर जागरूक होना जरूरी है। न्यूरोलॉजिस्टिक प्रैक्टिशनर एंड स्पिरिचुअल हिलर डॉ. रितु मुद्गिल ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य और शारीरिक स्वास्थ्य के तालमेल से ही शरीर पूर्ण स्वस्थ हो सकता है। इसके लिए उचित खान-पान के साथ सकारात्मक सोच, एकाग्रता व व्यायाम जरूरी है। एनएसएस अधिकारी डॉ. नेहा नैन ने सभी गतिविधियों की जानकारी दी। आयुष विभाग से पूनम व सुनील देवी ने स्वयंसेविकाओं को योग अभ्यास करवाया।


बहादुरगढ़। जीडी गोयनका स्कूल में स्टॉफ के साथ 12वीं कक्षा के विद्यार्थी।

## जीडी गोयनका में 12वीं के विद्यार्थियों को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

एचएल सिटी स्थित जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में 12वीं के विद्यार्थियों के सम्मान में एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह विद्यार्थियों के लिए यादगार रहा और स्कूल निदेशिका शैलजा जून समेत विद्यालय परिवार ने उन्हें भविष्य की नई यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ परिचय एवं स्वागत भाषण के साथ हुआ। प्रधानाचार्या ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए जीवन में अनुशासन, मेहनत एवं मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों के लिए प्रस्तुत विशेष विदाई गीत ने सभी को भावुक कर दिया। स्किट ने जीवन के महत्वपूर्ण मूल्यों और विद्यालयी स्मृतियों को सजीव रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण टाइटल डिस्ट्रीब्यूशन एवं रैम्प वॉक में विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास और गरिमा के साथ भाग लिया। रंगारंग नृत्य प्रस्तुतियों ने समारोह में चार चांद लगा दिए। स्कूल निदेशिका शैलजा जून ने कहा कि 12वीं के विद्यार्थी महत्वपूर्ण पड़ाव पार कर नए भविष्य की ओर बढ़ रहे हैं। विद्यालय उनके लिए ज्ञान, संस्कार और आत्मविश्वास का आधार रहा है। वे जीवन में सदैव ईमानदारी, परिश्रम और सकारात्मक सोच को अपनाएं।